प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 27.08.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1— प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ''खेलो इंडिया संवाद'' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार इक्कीसवीं सदी के भारत के लिए आधुनिक खेल व्यवस्था तैयार करने को संकल्पित।

2— छत्तीसगढ़ में समान नागरिक संहिता लागू करने शासन द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति की उपस्थिति में आज रायपुर में हुई राज्य स्तरीय बैठक।

3— मुख्यमंत्री ने आज जशपुर जिले के बगिया में अंतरिक्ष संगवारी अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण पहल का शुभारंभ किया।

4— भाई—बहन के पवित्र स्नेह का त्यौहार रक्षाबंधन कल मनाया जाएगा।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**<u>खेलो इंडिया संवाद—प्रधानमंत्री</u>**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार, इक्कीसवीं सदी के भारत के लिए आधुनिक खेल व्यवस्था तैयार करने को संकल्पित है। श्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आज राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित ''खेलो इंडिया संवाद'' कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि खेल विश्वविद्यालयों से लेकर आधुनिक प्रशिक्षण केंद्रों तक, देशभर में ऐसा खेल—ढांचा विकसित किया जा रहा है, जिसमें खिलाड़ियों की प्रतिभा को हर स्तर पर निखारा जा सके।

प्रधानमंत्री ने कहा कि खेलों से जीवन बदलता है और देश का गौरव बढ़ता है।

**जब मैं स्पोट्स की बात करता हूं, तो ये केवल मैडल जीतने तक सीमित नही है। ये विकसित भारत के निर्माण में भारत की खेल शक्ति और भारत की युवा शक्ति को एक साथ जोडने का अभियान है। मैं हमेशा कहता आया हूं जो खेलें वो खिलें और खेलें में खेलना सिर्फ मैदान पर जीतना नही है खेल में खेलना का मतलब व्यक्ति का खिलना और देश का गौरव बढाना है।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने लालकिले की प्राचीर से पांच से पंद्रह वर्ष की आयु के बच्चों में खेल प्रतिभा खोजने के लिए बड़े प्रतिभा खोज अभियान की घोषणा की थी।

**लाल किले से मैंने पांच साल की उम्र से 15 साल की उम्र के खिलाडियों की पहचान करने के लिए एक बडे टैंलेंट हंट अभियान का ऐलान किया है और इसमें भी हमें केवल यह नही देखना है कि किस बच्चे की किस खेल में रूचि है बल्कि यह भी देखना है कि कौन सा बच्चा किस खेल के लिए फिट है हमें उस हिसाब से ही उन बच्चों को ट्रेनिंग देनी होगी।**

इस अवसर पर केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि केंद्र सरकार ने देश में मजबूत खेल व्यवस्था और बुनियादी ढांचा विकसित करने के लिए छत्तीस हजार करोड़ रुपये मंजूर किए हैं।

**<u>खेलो इंडिया संवाद–छत्तीसगढ़</u>**

---

खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में भी युवाओं ने प्रधानमंत्री के भाषण को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सुना। प्रधानमंत्री का भाषण सुनने के लिए रायपुर के एम्स, एनआईटी और एमिटी विश्वविद्यालय के अलावा भिलाई आईआईटी और बीआईटी दुर्ग में भी विशेष इंतजाम किए गए थे।

**<u>यूसीसी–बैठक</u>**

---

छत्तीसगढ़ में समान नागरिक संहिता लागू करने शासन द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति की उपस्थिति में आज रायपुर में राज्य स्तरीय बैठक हुई। बैठक में समिति के सदस्य आईएएस शत्रुहन सिंह और एम.के. राउत, वरिष्ठ अधिवक्ता मोहन पवार के साथ ही धार्मिक और सामाजिक संगठनों के अलावा आयोग, निगम और मंडल के पदाधिकारी शामिल हुए।

**<u>नेपाल–बाढ़</u>**

---

नेपाल में कल आई भीषण बाढ़ में करीब एक सौ साठ लोगों की मौत हो गई और एक सौ तैंतीस भारतीय नागरिकों समेत साढ़े सात सौ से अधिक लोग लापता हैं। तिब्बत से आई इस बाढ़ ने कई कस्बों और गांवों को तबाह कर दिया, महत्वपूर्ण पुलों को बहा ले गई और एक दर्जन जलविद्युत परियोजनाओं को ठप कर दिया।

इस बीच, भारत ने बाढ़ से जूझ रहे नेपाल की सहायता के लिए दस टन आपदा राहत सामग्री और आवश्यक दवाइयां भेजी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नेपाल में बाढ़ से हुई तबाही पर वहां के लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह से बात की और उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।

इस बीच, नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन के कारण फंसे छत्तीसगढ़ के नागरिकों की सहायता के लिए राज्य सरकार ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। प्रदेष के नागरिक या उनके परिजन, सहायता और आवश्यक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर – **एक शून्य सात शून्य (1070)** तथा दूरभाष नंबर – **नौ एक – सात सात एक – दो दो दो तीन चार सात एक (91–771–2223471)** पर संपर्क कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार अपने प्रत्येक नागरिक के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि नेपाल में फंसे नागरिकों की सुरक्षित वापसी और आवश्यक सहायता के लिए सरकार पूरी तत्परता से कार्य कर रही है।

**<u>मुख्यमंत्री–जशपुर</u>**

---

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जशपुर जिले के बगिया में अंतरिक्ष संगवारी अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण पहल का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन और अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला द्वारा समर्थित है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से जशपुर के विघार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में प्रेरित के लिए नवाचार किया जा रहा है।

वहीं, मुख्यमंत्री ने बगिया में ही आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में 'साइंस ऑन व्हील्स' वाहन को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस वाहन को एक चलित प्रयोगशाला के रूप में तैयार किया गया है। इसमें मौजूद वैज्ञानिक संसाधनों और उपकरणों को देखकर विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति और गहरी रूचि पैदा करने का लक्ष्य रखा गया है।

**<u>केन्द्र–प्याज</u>**

केन्द्र सरकार ने आगामी महीनों में प्याज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने और मौसमी मूल्य के दबाव को कम करने के लिए बफर स्टॉक से आवश्यकता के अनुसार इसकी आपूर्ति शुरू कर दी है। सरकार ने कहा है कि प्याज को पैंतीस रुपये प्रति किलो की दर से बेचा जाएगा।

**तबादला**

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा के छह अधिकारियों के प्रभार में फेरबदल किया है। ऋतु वर्मा को छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक के पद से मुक्त कर दिप्ती गौते को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, विनय अग्रवाल सरगुजा के निगम कमिश्नर बनाए गए हैं। इसी तरह, देवनारायण कश्यप को नगरीय प्रशासन का उप सचिव, चित्रकांत चाली ठाकुर को नारायणपुर जिला पंचायत का सीईओ और गुड्डु लाल जगत को श्रम विभाग का उप सचिव बनाया गया है।

**खेल अलंकरण–सूची**

राज्य शासन ने खेल अलंकरणों के लिए चयनित खिलाड़ियों, प्रषिक्षकों और निर्णायकों की सूची जारी कर दी है। पिछले तीन वर्षों के लिए कुल बयासी अभ्यर्थियों को पुरस्कार और सम्मान दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ट्रॉफी के लिए पांच दलों के तैंतालीस खिलाड़ियों और प्रषिक्षकों को चुना गया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर उनतीस अगस्त को खिलाड़ियों, प्रषिक्षकों और निर्णायकों को राज्य अलंकरण प्रदान करेंगे। राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले समारोह में विभिन्न खेल पुरस्कारों के साथ मुख्यमंत्री ट्रॉफी के लिए चयनित प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

**कृषि विवि–पेपर लीक**

रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विष्वविद्यालय में तीसरी बार पेपर लीक का मामला सामने आया है। बीएससी प्रथम वर्ष के द्वितीय सेमेस्टर के तहत फंडामेंटल्स ऑफ जेनेटिक्स की परीक्षा उन्नीस अगस्त को सुबह दस बजे होनी थी, लेकिन परीक्षा से पांच

घंटे पहले ही पेपर की पीडीएफ फाइल विद्यार्थियों के बीच वायरल हो गई। विष्वविद्यालय ने तेलीबांधा पुलिस को मामले की जांच के लिए पत्र लिखा है।

**विद्या समीक्षा केंद्र ऐप**

---

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने में आ रही तकनीकी दिक्कतों के बीच स्कूल षिक्षा विभाग ने विद्या समीक्षा केंद्र ऐप में सुधार किया है। इस ऐप में ऑफलाइन मोड और उपस्थिति की बायोमैट्रिक पुष्टि की सुविधा भी जोड़ी गई है। अब षिक्षक बिना इंटरनेट के भी स्कूल परिसर में अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकेंगे। इससे प्रदेष के प्राथमिक से हायर सेकेंडरी स्कूलों और कार्यालयों में पदस्थ करीब पौने दो लाख षिक्षकों और कर्मचारियों को राहत मिलेगी।

**रक्षाबंधन**

---

भाई–बहन के पवित्र स्नेह का त्यौहार रक्षाबंधन कल मनाया जाएगा। इस त्यौहार को लेकर राजधानी रायपुर सहित प्रदेष के सभी जिलों के बाजारों में काफी रौनक देखी जा रही है। पिछले वर्षों की तरह इस बार भी स्व–सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाई गई तरह–तरह की राखियां लोगों के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई हैं।

राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

रक्षाबंधन के मौके पर रायपुर के केंद्रीय जेल में बंदियों को राखी बांधने के लिए विषेष व्यवस्था की गई है। जेल प्रषासन की ओर से जारी निर्देषों के अनुसार कल सुबह आठ बजे से दोपहर तीन बजे तक केवल बहनों को ही बंदियों से मिलने और उन्हें राखी बांधने के लिए जेल के भीतर प्रवेष की अनुमति होगी।

इस बीच, रक्षाबंधन पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल द्वारा दुर्ग–रायगढ़–दुर्ग के बीच आज से उनतीस अगस्त तक रक्षाबंधन पैसेंजर स्पेषल ट्रेन चलाई जा रही है। इस ट्रेन का ठहराव दुर्ग और रायगढ़ के बीच सभी स्टेषनों पर दिया गया है।

**भाजपा–प्रभारी नियुक्ति**

---

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई ने आगामी महीनों में पंद्रह नगरीय निकायो के लिए चुनाव प्रभारी और सह प्रभारियो की नियुक्ति कर दी है। इनमें संगठन से जुडे नेता, विधायक, पूर्व विधायक, महापौर और पार्षद शामिल है। हर निकायो में एक प्रभारी और दो सह प्रभारी मिलाकर कुल पैंतालीस पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां दी गई है। इन पंद्रह निकायों में चार नगर निगम, पांच नगर पालिका और छह नगर पंचायत शामिल है।

**गांजा–बरामद**

कांकेर जिले के भुरसा तरहुल गांव में पुलिस ने दबिष देकर एक एकड़ खेत में अरहर और चेंचभाजी के बीच उगाए जा रहे गांजे के आठ सौ चवालीस पौधे जब्त किए हैं। इन पौधों का बाजार मूल्य करीब सवा चार लाख रुपये आंका गया है। इस मामले में आरोपी किसान सुभाष कोरेटी को नशा उन्मूलन कानून के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>